CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

SCANNED

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विषय सूची

विषय	पृष्ठ
ईश्वर-स्तुति विवाहकर्मों की संख्या	५
वेदी रचना, यजमानद्वारा वर के जूते निकलवाना	६
वर के पैर धोना	८
स्वस्तिवाचन	९
कन्या के पिता का संकल्प	१२
कन्या के पिता का गणेशादि पूजन	१३
कन्या के पिता का ४ ब्राह्मणों के तिलक तथा पौंहची बांधना	२१
वर का प्रतिज्ञा संकल्प, वर का गणेशादि पूजन तथा तिलक	२२
कन्या के पिता तथा वर का पवित्री धारण करना	२५
कन्या के पिता द्वारा वर को आचमन करवाना	२५
वर का पौंहची बांधना, तिलक षडर्घ पूजन	२८
१२ आचार्यों का पूजन	३९
मुकुट की पूजा	३१
विष्टर, पाद्य तथा द्वितीय विष्टर देना	३१
अर्घ्य देना	
वर को आचमन मधुपर्क	
अङ्गन्यास	३६
गोदान	४१
वेदी संस्कार व अग्नि मंगाना	४४
कन्या बुलाकर जूते निकलवाना	४५
कन्या की मौड़ी का पूजन	४५

विषय	पृष्ठ
कन्या प्रतिज्ञा संकल्प पूजन	४६
चार वस्त्र देना	४७
परस्पर मुख देखना	४९
ग्रन्थि बंधन तथा वर पक्ष	४९
शाखोच्चार	५०
कन्यादान	५४
वर का गोदान	५९
कुश कंडिका करना	६१
आहुति देना	६८
अन्तरपट लाजाहुति	८१
वर का कन्या को अंगूठी थमाना	८२
बाट पूजन तथा गाथा	८३
पहली परिक्रमा	८३
सप्तपदी करना	८८
द्वितीय सप्तपदी करना	९०
कलश जल का छींटा देना	९१
वर कन्या का सूर्य दर्शन, रात्रि में ध्रुवदर्शन तथा कन्या के हाथ का हृदय से स्पर्श	९२
अंगूठे से कन्या के सिर में रोली लगाना	९३
अग्नि में आहुति तथा स्रुवे का घी मुंह से लगाना	९३
पूर्ण पात्र दान	
पूर्णाहुति	९६
छाया पात्र दान	
कर्मकर्त्ता संकल्प	९९
विसर्जन	१००

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ श्री ॥

दो शब्द

प्रिय सज्जनवृन्द!

मनु भगवान् ने आठ प्रकार के विवाह लिखे हैं, यथा--

ब्राह्मो दैवस्तथैवार्षः प्राजापत्यस्तथासुरः।
गान्धर्वो राक्षसश्चैव पैशाचश्चाष्टमोऽधमः॥

(मनुस्मृतिः अध्याय ३ श्लोक २१)

अर्थ—ब्राह्म १, दैव २, आर्ष ३, प्राजापत्य ४, आसुर ५, गांधर्व ६, राक्षस ७, पिशाच ८, विवाह हैं। उपर्युक्त आठ प्रकार के विवाहों में से पहले चार विवाह ही शास्त्रकारों ने श्रेष्ठ माने हैं और उन चारों में ब्राह्म सर्वश्रेष्ठ और मान्य है। यह पद्धति ब्राह्म रीत्यानुसार ही पं० रामस्वरूप शर्मा मेरठ निवासी ने समयानुकूल भाषा टीका तथा हस्त-क्रिया सहित रची है। इसका सर्वाधिकार पं० रामस्वरूपजी शर्मा मेरठ निवासी को है और वह खुद अपने आप पुस्तकें प्रकाशित करते हैं। उन्होंने इस पुस्तक में पंडितों के कठिन परिश्रम को साधारण कर दिया है जिससे थोड़े पढ़े लिखे हुए और विद्वान् कर्मकाण्डी पंडित भी बहुत आसानी से कर्म करा सकते हैं।

मेरठ
जून १९५३

विनीत—
पंडित मदन मोहन शर्मा

दिल्ली में पं० रामस्वरूप की असली पुस्तक मिलने का पता—
देहाती पुस्तक भण्डार, चावड़ी बाजार दिल्ली-६

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

❀ अथ विवाह सामग्री ❀

केले
बांस की लकड़ी
कंद सुर्ख २ गज
गोटा सफेद दो-तीन गज
चंदोवा दो गज लंबा
दो गज चौड़ा
पटड़े दो लंबे ८ गिरह
चौड़े आठ गिरह
रेणुका (पीली मिट्टी) ७ सेर

घड़ा १
करवा १
नारियल १
आम की टहनी २
आटा एक सेर
मिट्टी के तौले में
पचरंग)॥
रोली)॥
मौली दो जोड़े
चन्दन हुरहा

चावल ऽ=
फूल) ॥
हार १०
धूप) ॥
रुई, पान) ॥
सुपारी ४०
बताशे व लड्डू
दूर्वा, कुशा, विष्टर
धोती-दो अंगोछे
दही) ॥ मधु) ॥

कांसी के बड़े कटोरे
में आधा सेर घी
गौ का गोबर
फल-)
तिल एक तोला
पीली सरसों १ तोला
प्रोक्षणी प्रणीता के
वास्ते दो कटोरी
छाया पात्र के लिए
दो कटोरी कांसी की

शंख १
दुपट्टे २
सराई १०
दीपक १, सरे ४
शमी पत्र ऽ-
खील ऽ॥
पत्थर का टुकड़ा १
अंगूठी स्वर्ण की
सिन्दूर) ॥
मटकने दो
टके दो रुपये के
स्रुवा
गङ्गाजल
ढाक के दौने १२
समिधा २॥ सेर
छाज (सूप)
लोटे दो
गाय
कपूर केसर,

नोटिस—इस पुस्तक को कोई नहीं छापे। आजकल कुछ नक्कालों ने हमारी पुस्तक की नकल करनी शुरू कर दी है, सो महानुभावों से प्रार्थना है कि इस पुस्तक को खरीदने से पहले पुस्तक पर पुराना पता हरिहर प्रेस लिसाड़ी दरवाजा शहर मेरठ और पं० रामस्वरूप शर्मा जी का और उनके सुपुत्र मदन मोहन शर्मा का फोटो देख लें तथा—

मिलने का पता:—

देहाती पुस्तक भण्डार, चावड़ी बाजार, दिल्ली, लिखा अवश्य देख लें।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ श्रीगणेशायनमः ॥

अथ विवाह पद्धतिः

[भाषा टीका तथा हस्तक्रिया सहित]

★

प्रणम्य परमात्मानं गणेशं च गजाननम् ।
वर्णानां च हितार्थाय प पद्धतिः क्रियते मया ॥

टीका—परमात्मा और गणेशजी को प्रणाम करके वर्णों के हितार्थ विवाह पद्धति की भाषा टीका प्रस्तुत करता हूं ।

(विवाह कर्म में कर्मों की संख्या, श्लोक)

पादत्राणविमोचनं च वरणं वाचार्चनं विष्टरं, पाद्यं विष्टरमर्घ्यमाचमनविधिर्मधुपर्कन्यासौ तथा । गोमौड्यग्नि सुहस्तलेपनविधिश्शाखाकुशैः कण्डिका । कन्या

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दानमुवस्त्र ग्रन्थिहवनं ह्यन्तरपट परिक्रमः ॥१॥

पुनः सप्तपदीं कृत्वा वाम दक्षिणकं तथा। दक्षिणादानसंकल्पं अक्षतांश्चैवदापयेत् ॥२॥

टीका—(उपानह) अर्थात् जूते; पौंची, (वाचा) अर्थात् कन्या पिता के वचन (अर्चन) अर्थात् मुकुट का पूजन करना, (विष्टर) आसन, पैर धोवे, दूसरा विष्टर, अर्घ, आचमनी, मधुपर्क, अंगन्यास, गोसंकल्प, मौड़ी, अग्नि, हाथ पीले, शाखोच्चार, कुशकण्डिका, कन्या दान, ४ वस्त्र, ग्रन्थिबन्धन अर्थात् गठजोड़ा, हवन, अन्तरपट, परिक्रमा अर्थात् ४ फेरे, फिर सप्तपदी, अर्थात् सात वचन, बायें-दायें होना, विवाह कराई दक्षिणा का संकल्प, देवताओं पर मन्त्र से अक्षत छोड़ना, ये उपर्युक्त कर्म क्रम से करने चाहिए।

(आचार्यः पूर्वे पश्चिमाभिमुख उपविश्य वरसम्मुखम्)

पण्डित पूर्व की तरफ को बैठे, पश्चिम को मुंह कर के वर के सामने।

(प्रथमं वेदीं रचयित्वा)

पहिले पाधा मिट्टी की दो वेदी बनावे, एक तो नवग्रह की उत्तर में दूसरी हवन की दक्षिण में, फिर उन वेदियों पर पाधा चूने से चौक पूरे जिस तरह पहिले पृष्ठ पर वेदी लिखी है।

(विवाहसमये कन्यापिता स्नातः)

विवाह के समय कन्या का पिता स्नान करे या हाथ-पैर धोकर कुल्ला करे।

(शुचिः शुक्लाम्बरं धृत्वा)

शुद्ध धोती, दुपट्टा श्वेत वस्त्र पहिने।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(ततः कन्यापिता वेदिकामुपगच्छेत्)

विवाह के समय कन्या का पिता स्नान करके शुद्ध हो स्वच्छ वस्त्र पहन-कर उत्तर को मुख कर वेदी के समीप बैठ जाये।

(ततः कन्यापिता सादरं वरमाह्वयेत् वरस्तत्रागत्य उपानहौ त्यजेत्)

फिर कन्या का पिता आदर से वर को बुलावे। वर वहां आकर जूते निकाल आसन पर बैठे, फिर पाधा यह मन्त्र पढ़े:—

ॐ अथवाराह्या उपानहा उपमुञ्चते ऽग्नौ हवै देवाधृतकुम्भं प्रवेशयांचक्रु-स्ततोवाराहः सम्बभूव तस्माद्वाराही मेदुरो घृतादि सम्बभूव संजानते समे वै तद्रसमभिसंजानते तत्पशू-नामेव तद्रममभिसंतिष्ठते तस्माद्वाराह्या उपानहाउपमुञ्चते ॥१❀

ॐ अथ वाराहविहितमिति तत्र आसीदित्ये व्याध हवी स इमान इह व्याम प्रदेशमात्रीं ततो मूक इत्यर्थे

★पहले सीधे पैर का जूता निकाले।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वाराह्या द्वितीय उपानहा उप-मुञ्चते ॥२॥

(कन्यापिता वरपादौ प्रक्षालयति)

नीचे लिखे श्लोक से कन्या का पिता वर के पैर धोवे।

यत्फलं कपिलादाने कार्तिक्यां ज्येष्ठपुष्करे । तत्फलं पाण्डव श्रेष्ठ विप्राणां पादशौचने । (हस्तौप्रक्षाल्य)

कन्या का पिता हाथ धो डाले। (मंत्र)

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वा० ॥

(वरः पूर्वाभिमुख उपविश्य वारिणा वरात्मानं सिंचेत्)

बर पूर्व को मुंह करके आसन पर बैठे। फिर पाधा वर के ऊपर दूर्वा से गंगाजल का छींटा लगावे। मन्त्र—

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा । यः स्मरेत्पुंडरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः । विष्णुः पुण्डरीकाक्षः पुनातु माम् । तीन बार पढ़े

[वरस्यासनेऽक्षतान् क्षिपेत्]

नीचे लिखे श्लोक से पाधा वर के आसन पर चावल छोड़े—

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शुक्लाम्बरधरं विष्णुं शशिवर्णं चतुर्भुजम् । प्रसन्नवदनं ध्यायेत् सर्वविघ्नोपशान्तये ॥

(वरः प्राङ्मुखश्चोपविश्य वरहस्ते साक्षतद्रव्यं धृत्वा सर्वजनेभ्योऽक्षतान् दद्यात्)

वर उस आसन पर पलौथी मारकर पूर्व को मुख करके बैठे।★ फिर वर के हाथ में चावल सहित दक्षिणा दे। पाधा सब मनुष्यों के हाथ में चावल दे।

(स्वस्तिवाचनं पठेत्)

फिर पाधा यह श्लोक पढ़े—

ओंम मतिकरणं भयहरणं गिरिजाशरणं गणेशमभिवन्दे, केदारेशानवेशं योगीशं सर्वजगदीशम् ।

❀विवाह कर्म में बैठने का विधि। श्लोक—

वरस्य दक्षिणे कन्या, कन्याया दक्षिणे पिता ।
पितुश्च दक्षिणे ब्रह्मा, विवाहे कर्मकारयेत् ॥

वर भी धोती करके बैठे।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ॐ सुमुखश्चैकदन्तश्च कपिलो गज-कर्णकः लम्बोदरश्च विकटो विघ्ननाशो विनायकः ॥ धूम्रकेतुर्गणाध्यक्षो भाल-चन्द्रो गजाननः । द्वादशैतानि नामानि यः पठेच्छृणुयादपि ॥ विद्यारंभे विवाहे च प्रवेशे निर्गमे तथा । संग्रामे संकटे चैव विघ्नस्तस्य न जायते ॥ वक्रतुण्ड महाकाय कोटिसूर्य्यसम-प्रभ । अविघ्नं कुरु मे देव ! सर्वकार्येषु सर्वदा ॥

हरिः ओं गणानान्त्वा गणपति ँ हवामहेप्प्रियाणान्त्वा प्रियापति ँ हवामहे निधीनान्त्वा निधिपति ँ हवामहे व्वसोमम ॥ आहमजानि गर्ब्भधमात्वमजासिगर्ब्भधम् ॥१॥

स्वस्ति न ऽ इन्द्रो व्वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषाव्विश्ववेदाः । स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अरिष्टनेमिः स्वस्तिनो बृहस्पतिर्द-
धातु ॥२॥ पयः पृथिव्याम्पय ऽ ओष-
धीषु पयो दिव्यन्तरिक्षे पयोधाः । पय-
स्वती प्रदिशः सन्तु मह्यम् ॥३॥
विष्णोरराटमसि व्विष्णोः श्नप्त्रेस्थो
व्विष्णोः स्यूरसि व्विष्णोध्रुर्वोऽसि ।
वैष्णवमसि विष्णवे त्वा ॥४॥
अग्निर्देवता व्वातो देवता सूर्य्यो देवता
चन्द्रमा देवता व्वसवो देवता रुद्रो
देवता ऽऽ दित्या देवता मरुतो देवता
विश्वेदेवा देवता बृहस्पतिर्देवतेन्द्रो-
देवता व्वरुणो देवता ॥५॥
द्यौः शान्तिरन्तरिक्ष ँ शान्तिः पृथिवी
शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्ति-
र्व्वनस्पतयः शान्तिर्विश्वेदेवाः शान्ति-
र्ब्रह्म शान्तिः सर्व्व ँ शान्तिः शान्ति-
रेव शान्तिः सामाशान्तिरेधि ॥६॥

शुभ मंत्र शान्ति भवतु ॥
पहले

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद्भद्रन्तन्न आसुव ॥७॥ एतन्ते देव सवितर्य्यज्ञम्प्राहुर्ब्बृहस्पतये ब्रह्मणे। तेन यज्ञमवतेन यज्ञपतिन्तेन मामव ॥८॥ मनोजूतिर्ज्जुषतामाज्ज्यस्य बृहस्पतिर्य्यज्ञमिमंतनोत्वरिष्टं यज्ञ ँ समिमन्दधातु। विश्वेदेवा स ऽ इहमादयन्तामो३म् प्रतिष्ठ। एषवैप्रतिष्ठानाम् यज्ञो यत्रैतेन यज्ञेन यजन्ते सर्व्वमेव प्रतिष्ठितं भवति ओ३म् ॥९॥

सब मनुष्य गणेशजी पर चावल छोड़ दें।

(कन्या पिता प्रतिज्ञासंकल्पं कुर्यात्)

कन्या का पिता जल, चावल, पैसा लेकर संकल्प करे।

ॐ तत्सद् विष्णुर्विष्णु र्विष्णुरद्यो-
न्नमः परमात्मने श्रीपुराणपुरुषो-
त्तमाय अद्य श्री ब्रह्मणोऽन्हि द्वितीयप्रह-
श्री श्वेतवाराहकल्पे वैवस्व

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे कलियुगे कलिप्रथमचरणे जम्बूदीपे भरतखण्डे आर्यावर्तान्तर्गते ब्रह्मावर्त्तैकदेशे पुण्यक्षेत्रे वेदोक्तफलप्राप्तिकामनासिध्द्यर्थं वर्तमान सम्वत्सरे अमुकायने भास्करेऽमुकमासे अमुक पक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे अमुक करण नक्षत्रयोगयुक्तायाम् अमुक-गोत्रोऽहम्, ऽमुकशर्माऽहं* श्रुतिस्मृति-पुराणोक्तफलप्राप्त्यर्थं महापापशमनपूर्वकं श्रीयज्ञपुरुषनारायणप्रीत्यर्थं प्राजापत्य विवाह विधिना कन्यादानकर्मण्यादौ निर्विघ्न गणपत्यादीनां देवानामावाहनं पूजनं च करिष्ये।

(कन्यापिता गणेशादीनां पूजनं कुर्यात्)

कन्या का पिता गणेश आदि देवों का पूजन करे।

---

*नोट—ब्राह्मण के यहां शर्म्माहं, क्षत्रिय के यहां वर्म्माहं, वैश्य के यहां गुप्तोहं, शूद्र के यहां दासोहं इस प्रकार उच्चारण करे। पद्म॥ शर्म्मब्राह्मणस्य, वर्मे क्षत्रियस्य, गुप्तेति वैश्यस्य, दासेति शूद्रस्य के पहले काण्ड में ऐसा लिखा है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आवाहनम्, आसनम्, पाद्यम्, अर्घ्यम् आचमनम्, स्नानम्, वस्त्रम्, यज्ञोपवीतम्, गंधम्, अक्षतान्, पुष्पम्, धूपं, दीपं, नैवेद्यम्, पुनराचमनं ताम्बूलम्, पूगीफलम् दक्षिणाञ्च समर्पयामि नमो नमः ॥

आवाहन और पूजन कर ये सब गणेशजी पर चढ़ावे, प्रार्थना हाथ जोड़ेनी चे लिखे मन्त्र से करे—मन्त्र।

ॐ नमोगणेभ्यो गणपतिभ्यश्चवो नमोनमो व्रातेभ्यो व्रातपतिभ्यश्चवो नमोनमो गृत्सेभ्यो गृत्सपतिभ्यश्चवो नमोनमो विरूपेभ्यो व्विश्वरूपेभ्यश्च वो नमो नमः ॥१॥

(ब्रह्मण आवाहनम्)

कन्या का पिता चावल लेकर ब्रह्मा का आवाहन करे अर्थात् बुलाये॥

ब्रह्माणं शिरसा नित्यमष्टनेत्रं चतुर्मुखम्। गायत्रीसहितं देवं ब्रह्माणमापूपाद्याम्यहम् ॥२॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(पूजनम्) पूजन कर सब सामग्री चढ़ावे, (प्रार्थना) हाथ जोड़े ।

ॐ ब्रह्मयज्ज्ञानम्प्रथमम्पुरस्ताद्विसी-
मतः सुरुचोवेनऽआवः । सबुध्न्या-
ऽउपमा ऽअस्यविष्ठाः सतश्च योनि-
मसतश्चविवः ॥३॥

(विष्णोरावाहनम्)

विष्णु भगवान् का आवाहन करे, नीचे लिखे मन्त्र से ।

केशवं पुण्डरीकाक्षं माधवं मधुसूद-
नम् । रुक्मिणीसहितं देवं विष्णु-
मावाहयाम्यहम् ॥४॥

(पूजनम्) पूजन कर सब सामग्री चढ़ावे, (प्रार्थना) हाथ जोड़े ।

ओं विष्णोरराटमसि व्विष्णोः श्न-
प्त्रेस्थोविष्णोस्यूरसि विष्णोर्ध्रुवोऽसि ।
वैष्णवमसि व्विष्णवे त्वा ॥५॥

(शिवस्यावाहनम्)

नीचे के मन्त्र से शिव जी का आवाहन करे–

शिवं शंकरमीशानं द्वादशार्द्धं त्रिलोचनम् ।
उमयासहितंदेवं शिवमावाहयाम्यहम् ॥६॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(पूजनम्) पूजन कर सब सामग्री चढ़ावे (प्रार्थना) हाथ जोड़े ।

ॐ नमः शम्भवाय च मयोभवाय च नमः शंकराय च मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च ॥७॥

(लक्ष्म्या आवाहनम्)

दोनों हाथ पसार कर लक्ष्मीजी का आवाहन करे ।

क्षीरसागरसम्भूतां शरीरे विष्णु माश्रिताम् । यजमानहितार्थाय लक्ष्मी-मावाहयाम्यहम् ॥८॥

पूजन करे, सब सामग्री चढ़ावे फिर हाथ जोड़े ।

ॐ श्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्न्यावहो रात्रे पार्श्वे नक्षत्राणि रूपमश्विनौव्यात्तम् । इष्णन्निषाणामुम्मऽइषाण सर्व्वलोकम्मऽ-इषाण ॥९॥

(वरुणाय नमः)

वरुण का पूजन करे सब सामग्री चढ़ावे फिर हाथ जोड़े । मन्त्र—

ॐ वरुणस्योत्तम्भनमसिम्वरुणस्य स्कम्भसर्ज्जनीस्थो व्वरुणस्यऽऋत

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सदन्यसि व्वरुणस्यऽऋतसदनमसि व्वरुणस्यऽऋतसदनमासीद ॥१०॥

(ओंकाराय नमः)

ओंकार का पूजन करे सब सामग्री चढ़ावे, फिर हाथ जोड़े। मन्त्र—

ओंकारं विन्दुसंयुक्तं नित्यं ध्यायन्ति योगिनः। कामदं मोक्षदं चैव ओंकाराय नमो नमः ॥११॥

(सूर्याय नमः)

नीचे लिखे मन्त्र से सूर्य का पूजन करे फिर हाथ जोड़ें।

ओं आकृष्णेन रजसा वर्त्तमानो निवेशयन्न-मृतम्मर्त्यञ्च। हिरण्ययेन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन्। इति सूर्याय नमः ॥१२॥

(चन्द्रमसे नमः)

नीचे लिखे मन्त्र से चन्द्रमा का पूजन करे फिर हाथ जोड़े।

ओं इमन्देवा ऽअसपत्न ँ सुवद्ध्वम्म-हतेक्षत्त्रायमहतेज्यैष्ठ्याय महते ज्यान-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

राज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय । इमममुष्यपुत्रममुष्यै पुत्रमस्यैव्विशऽएष वोमीराजा सोमोऽस्माकम्ब्राह्मणाना ँ राजा । इति चन्द्राय नमः ॥१३॥

(भौमाय नमः)

सामने लिखे मन्त्र से मंगल का पूजन करे फि हाथ जोड़े ।

ॐ अग्निर्मूर्द्धादिवः ककुत्पतिः पृथिव्याऽअयम् अपा ँ रेता ँ सिजिन्वति । भौमाय नमः ॥१४॥

(बुधाय नमः)

नीचे लिखे मन्त्र से बुद्ध का पूजन करे, फिर हाथ जोड़े—

ॐ उद्बुद्ध्यस्वाग्ने प्रतिजागृहि त्वमिष्टापूर्ते स ँ सृजेथामयञ्च अस्मिन्नत्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन्विश्वेदेवा यजमानश्च सीनत । बुधाय नमः ॥१५॥

(बृहस्पतये नमः)

नीचे लिखे मन्त्र से बृहस्पति का पूजन करे फिर हाथ जोड़े ।

ॐ बृहस्पते ऽअतियदर्योऽअर्हाद्युम

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

द्विभातिक्रतुमज्जनेषु । यद्दीदयच्छ वस ऽऋतप्रजा तदस्मासुद्रविणन्धेहिचित्रम् । बृहस्पतये नमः ॥१६॥

(शुक्राय नमः)

नीचे लिखे मन्त्र से शुक्र का पूजन करे फिर हाथ जोड़े ।

ॐ अन्नात्परिस्रुतो रसम्ब्रह्माणाव्य-पिवत्क्षत्त्रम्पयः सोमम्प्रजापतिः । ऋतेन-सत्यमिन्द्रियंव्विपान ँ शुक्रमन्धस ऽइन्द्रस्येन्द्रिय मिदम्पयोऽमृतम्मधु ॥ इति शुक्राय नमः ॥१७॥

(शनैश्चराय नमः)

नीचे लिखे मन्त्र से शनैश्चर का पूजन करे फिर हाथ जोड़े ।

ॐ शन्नो देवीरभिष्टयऽआपो भवन्तु पीतये । शंय्योरभिस्त्रवन्तु नः ॥१८॥

(राहवे नमः)

नीचे लिखे मन्त्र से राहू का पूजन करे फिर हाथ जोड़े ।

ॐ कया नश्चित्रऽआभुवदूती सदावृधः सखा । कया शचिष्ठयावृता ॥१९॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(केनवे नमः)

नीचे लिखे मन्त्र से केतु का पूजन करे फिर हाथ जोड़े ।

ॐ केतुं कृण्वन्नकेतवे पेशोमर्य्या ऽअपेशसे । समुषद्भिरजायथाः ॥२०॥

ॐ ब्रह्मा मुरारिस्त्रिपुरान्तकारी भानुः शशी भूमिसुतो बुधश्च ॥ गुरुश्च शुक्रः शनिराहुकेतवः सर्वेग्रहाः शान्तिकरा भवन्तु ॥ इति नवग्रहपूजा ॥

(षाडशमातृभ्यो नमः)

नीचे लिखे मन्त्र से षोडशमातृ का पूजन करे फिर हाथ जोड़े ।

ॐ गौरी १ पद्मा २ शची ३ मेधा ४ सावित्री ५ विजया ६ जया ७ देवसेना ८ स्वधा ९ स्वाहा १० मातरो ११ लोकमातरः १२ हृष्टिः १३ पुष्टिः १४ स्तथातुष्टि १५ स्थतात्मकुलदेवता १६ आदौ विनायकः पूज्यश्चान्ते तु कुलमातरः ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(सर्पेभ्यो नमः)

नीचे लिखे मंत्र से नाग का पूजन करे फिर हाथ जोड़े।

ओं नमोस्तुसर्प्पेभ्यो ये के च पृथिवी-मनुः। येऽअन्तरिक्षे ये दिवि तेभ्यः सर्प्पेभ्यो नमः॥ वासुक्याद्यष्टकुलनागे-भ्यो नमः॥

(कन्यापिता ब्रह्मणादीनां तिलकं कृत्वा)

नीचे लिखे मंत्र से कन्या का पितृ चार ब्राह्मणों को तिलक करे—

नमो ब्रह्मण्यदेवाय गोब्राह्मणहिताय च। जगद्धिताय कृष्णाय गोविन्दाय नमो नमः। नीचे लिखे मंत्र से पौंची बांधे।

व्रतेन दीक्षा माप्नोति दीक्षयाप्नोति दक्षिणाम्। दक्षिणया श्रद्धामाप्नोति श्रद्धया सत्यमाप्यते॥

(आचार्योऽपि कन्यापितू रक्षाबन्धनं तिलकं च कुर्यात्)

नीचे लिखे मंत्र से पण्डित भी कन्या के पिता के पौंची बांधे—

येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबलः।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तेनाहं प्रतिबध्नामि रक्षे मा चल मा चल ॥१॥

फिर पण्डित नीचे लिखे मंत्र से कन्या के पिता के तिलक करे–

आदित्या वसवो रुद्रा विश्वेदेवा मरुद्गणाः । तिलकन्ते प्रयच्छन्तु धर्मकामार्थ सिद्धये ॥२॥

(वरोऽपि प्रतिज्ञा संकल्पं कुर्यात्)

जल, चावल, दक्षिणा लेकर वर भी प्रतिज्ञा संकल्प करे।

ओं अद्येत्यादि मासानां मासोत्तमे मासे अमुकमासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे अमुकराशिस्थिते भास्करे अमुकगोत्रोहममुक शर्म्माहं श्रुतिस्मृति पुराणोक्त धर्मकामार्थ सिद्ध्यर्थं मम विवाहसाङ्गताफलसिद्ध्यर्थं श्रीयज्ञपुरुष नारायण प्रीत्यर्थं आदौगणेशादीनां सर्वे देवानां आवाहनं पूजनञ्चाहं करिष्ये ॥

(वरोऽपि गणेशादिपूजनं कुर्यात्)

वर भी गणेशजी आदि सर्वदेवताओं का पूजन करे, जिस प्रकार कन्या के पिता ने किया है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(वरः ब्रह्मचार्यादीनां वरणं कुर्यात्)

फिर वह चार ब्राह्मणों को तिलक करे, जिस प्रकार कन्या के पिता ने किया है, इस नीचे लिखे हुए मन्त्र से—

नमो ब्रह्मण्यदेवाय० । इस मन्त्र से पौंची बांधे

व्रतेन दीक्षामाप्नोति० ॥

(आचार्योऽपि वरस्य रक्षाबन्धनं तिलकं कुर्यात्)

पण्डित भी वर के पौंची बांधे और तिलक करे । मंत्र—

येन बद्धो बली राजा० ॥ **आदित्या-वसवोरुद्रा** ॥

(चतुर्थमुपग्रहं कृत्वा)

फिर पाधा चार पवित्री कुशा की या कलावे की बनावे। पहले दो पवित्री एक सराई में धरे, फिर कन्या के पिता से नीचे लिखे मंत्र से उनकी प्रतिष्ठा करावे—

ऐतन्ते देव सवितर्य्यज्ञम्प्राहुर्ब्बृहस्पतये ब्ब्रह्मणे । तेन यज्ञमवतेन यज्ञपतिन्तेन मामव ॥

(पूजनं कुर्यात्)

फिर इस मन्त्र से पूजन करे ।

पं० तेज
जहांगीराबाद
बुलन्दशहर

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ओं यम्ब्रह्मवेदान्तविदो वदन्ति परं प्रधानं पुरुषं तथाऽन्ये। विश्वोद्गते कारणमीश्वरम्वा तस्मै नमो विघ्नविनाशनाय॥

(कर्मकर्त्ता कन्यापित्रे एकं सव्यहस्तं उपग्रहं दद्यात्)

पाधा सराई में से एक पवित्री उठाकर कन्या के पिता को पहिनावे, सीधे हाथ की कनकी उंगली के धोरे की उंगली में। मंत्र—

ओं ब्रह्माणी ब्राह्मणः पत्नी लक्ष्मीसहितो जनार्दनः। उमयासहितः शंभुः प्रथमोपग्रहमावाहयाम्यहम्।

(द्वितीयं वामहस्ते उपग्रहं दद्यात्)

दूसरे वायें हाथ की कनकी उंगली के पास की उंगली में पहिनावे, इस मन्त्र से—

ओं कश्यपस्यादिति पत्नी चन्द्रपत्नी च रोहिणी। बुद्धिर्विनायकश्चैव द्वितीयोपग्रहमावाहयाम्यहम्।

(पुनः कन्यापिता द्वयोः उपग्रहयोः प्रतिष्ठां कुर्यात्)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पाधा और दो पवित्री सराईं में धरे, कन्या का पिता उनकी प्रतिष्ठा करे, इस अगले मन्त्र से–

ॐ एतन्ते देव० (पूजनम्) पूजन करके

(कन्यापिता वराय सव्यहस्ते एकमुपग्रहं दद्यात्)

कन्या का पिता सराईं में से एक पवित्री निकाल कर वर के सीधे हाथ में पहिनावे जिस प्रकार स्वयं पहिनी । मन्त्र–हैं*

ॐ ब्रह्माणी ब्राह्मणः पत्नी लक्ष्मी सहितो जनार्दनः । उमयासहितः शम्भुः प्रथमोपग्रहस्तुभ्यम्, वर !

(पुनः कन्यापिता द्वितीयं उपग्रहं वामहस्ते दद्यात्)

फिर कन्या का पिता दूसरी पवित्री वर के बायें हाथ में पहिनावे ।

ॐ कश्यपस्यादितिः पत्नी चन्द्रपत्नी च रोहिणी । बुद्धिर्विनायकश्चैव द्वितीयो-पग्रहस्तुभ्यम्, वर ॥

(कन्यापिता वरायाचमनं दद्यात्)

★नोट—ब्राह्मण यहां वर को यज्ञोपवीत भी पहनावे । मन्त्र—
ॐ यज्ञोपवीतं परम पवित्रं प्रजापतेर्यत्सहजं पुरस्तात् ।
आयुष्यमग्र्यं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कन्या का पिता वर के आचमन के लिए दोने में जल भरे, फिर उसकी प्रतिष्ठा करे इस अगले मंत्र से—

ॐ एतन्तेदेव० । पूजन करे ॐ यम्ब्रह्म०

फिर कन्या का पिता दोना उठाकर वर को दे, वर उसके जल से आचमन करे श्लोक—

ॐ आकाशवाहिनी गंगा करमध्ये तु पावनी । त्रैलोक्ये वन्द्यते देवी आचमनं कुरुते वरः ॥

(तदनन्तरं वरस्य वरणं कृत्वा)

एक सराई में वर को पौंची के वास्ते पान पर कलावा, रोली, चावल, सुपारी, मीठा, फूल ये सब सामग्री धर प्रतिष्ठा करे । मंत्र—

ॐ एतन्ते देव० । फिर पूजन करे नीचे लिखे मंत्र से

ॐ यम्ब्रह्म वेदान्त० सब सामग्री चढ़ावे ।

(पुनः कन्यापिता वरस्य वरणं कुर्यात्)

फिर कन्या का पिता वर के पौंची बांधे । मंत्र—

ॐ वरं वृणीते बलवर्द्धवैदेवा एतस्य गृहस्य होमं प्रेशंतते तस्मादेवंवर ँ समर्घयति त्रिप्रेण इमं गृहं जुह्वन्ति तस्माद् वरं वृणीते । तिलक करे ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(कन्या पिता वाचाऽर्घ्यं प्रतिष्ठां कुर्यात्)

फिर पाधा एक दोने में चावल, रोली धरे, कन्या के पिता से उसकी प्रतिष्ठा करावे। मंत्र—

ॐ एतन्तेदेव सवितः० ॥ फिर पूजन करे। मन्त्र—
ॐ यम्ब्रह्म वेदान्तविदो वदन्ति० ॥

(कन्या पिता वरस्य दक्षिणहस्तेऽर्घं धृत्वा पुनः दक्षिणपाणिनां संपुटितं कृत्वा)

यजमान उस दोने को उठाकर वर को दे, वर सीधे हाथ पर रख ले और कन्या का पिता उस दोने पर अपना सीधा हाथ रखकर यह श्लोक पढ़े—

यन्मया भाषितं पूर्वं* कन्या मनसि कर्मणा । इदमर्घं मंगलमांगल्यमच्छिद्रकरणाय च। वाचावचनं त्वया कुर्यादहमेव प्रतिग्रही। देवद्विजप्रसादेन वाचासुवचनम्भवेत् ॥

अर्थ—मैंने जो पहले संकल्प किया था, वह मेरा मनोरथ विष्णु भगवान् और देवताओं और ब्राह्मणों की कृपा से आज पूरा हुआ।

★जब लड़की की सगाई की थी।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(वरः षडाचार्यपूजनं कुर्यात्)

वर छः आचार्यों'× का पूजन करे।

(षडर्घान् दद्यात्)

वर के आगे छः दोने धरे, उनमें थोड़ा सा जल भरे, चावल आदि सब सामग्री धरे, फिर प्रतिष्ठा करे। मंत्र—

एतन्ते देव० फिर पूजन करे मंत्र—

ॐ यम्ब्रह्मवेदान्तविदो वदन्ति० ॥

(पुनः कन्यापिता वरसव्यहस्ते एकमर्घं धृत्वा)

फिर कन्या का पिता एक दोना वर के सीधे हाथ पर धरे और पाधा नीचे लिखे यह मंत्र पढ़े—

ॐ षडर्घ्या भवन्त्याचार्य्या ऋषि ऋत्विग्वैवाह्यो राजा प्रियः स्नातक इति। प्रतिसम्वत्सरानर्हयेयुर्यदयमाणास्त्वृत्विज इति :—

(आचार्यलक्षणाम्) ये आचार्य के लक्षण हैं।*

ॐ नोट—छः आचार्यों के नाम हैं—स्नातक १, गुरु २, राजा ३, मित्र ४, वर ५, ऋत्विक् ६। याज्ञवल्क्य स्मृति में लिखा है।

× ये ६ लक्षण आचार्य के हैं—वेदों की जानने वाला १, जितेन्द्रिय २, गुणवान् ३, विद्वान् ४, नीतिवान् ५, बुद्धिमान् ६।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वेदाङ्गी ब्रह्मचारी च गुणवान् सुविचक्षणः । नीतिज्ञो बुद्धिमान् श्रेष्ठ एवमाचार्य्य उच्यते ॥

(वरस्य वामपार्श्वे न्युब्जो कुर्यात्)

वर उस दोने को ईशान दिशा में रख दे, इस प्रकार कन्या का पिता ६ दोने ६ बार वर के हाथ में दे। वर लेकर ईशान दिशा में रख दे।

(अथ द्वादश आचार्यान् भूमौ स्थापयित्वा)

फिर पाधा नीचे लिखे क्रम से १२ जगह पृथ्वी में चावल धरे और यह मंत्र पढ़ता जावे। (प्रथम)*

१—गौरीश्वरविवाहे ब्रह्मा आचार्य्यः
२—सावित्रीब्रह्मविवाहे बृहस्पतिः आ०
३—लक्ष्मीविष्णुविवाहे गणपतिः आचार्य्यः
४—वन्हिकाश्यपविवाहे पाराशरः आ०
५—छायासूर्य्यविवाहे गर्गमुनिः आचार्य्यः
६—रेणुकाजमदग्निविवाहे वसिष्ठः आ०

+नोट—एक की जगह प्रथमे, दो की जगह द्वितीये, तीन की जगह तृतीये ऐसा कहना चाहिए।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

७--मन्दोदरीरावणविवाहे वसिष्ठः आ०
८--रोहिणीचन्द्रविवाहे द्रोणाचार्य्यः आ०
९--सीतारामविवाहे गौतमः आचार्य्यः
१०--द्रौपद्यर्जुनविवाहे व्यासः आचार्य्यः
११--भानुमतीभोजराजविवाहे वररुचिःआ०
१२--कलियुगे सर्वे ब्राह्मणा आचार्य्याः

फिर कन्या के पिता और वर से उनकी प्रतिष्ठा करावे। मंत्रः—

ॐ एतन्तेदेव० पूजन करे ॐ यम्ब्रह्म०

(प्रार्थना) फिर नीचे लिखे मंत्र से हाथ जोड़े।

ॐ शुक्लाम्बरधरं देवं शशिवर्णं चतुर्भुजम् । प्रसन्नवदनं ध्यायेत्सर्वविघ्नोपशान्तये ॥

(कन्यापिता वरं दक्षिणजानुं सम्बोध्य)

फिर कन्या का पिता वर के सीधे घोटूं पर अपना सीधा हाथ धर के नीचे लिखा मन्त्र पढ़े—

ॐ साधु भवानास्तामर्चयिष्यामो भवन्तमिति ब्रूयात् (वरवाक्यम्) वर ऐसा कहे—

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(ॐ अर्चयेति वरेणोक्ते)

फिर यजमान ऐसा कहे कि आप भली प्रकार वृत्ति वाले हो मैं तुम्हारा पूजन करता हूं वर कहे कि करो।

(वरस्यं मुकटार्चनं कुर्यात्)

कन्या का पिता नीचे लिखे मन्त्र से पांचों उंगली रोली से भर कर वर के मुकट पर लगावे।

ॐ रोचन्ते रोचनादिभिस्तरणीर्विश्व-दर्शितो ज्योष्टिकृदसि सूर्यविश्वमाभासि रोचनम् ॥

(ततः कन्या पिता परिडतो वा कुशमयं दूर्वामयं वा विष्टरद्वयं धृत्वा)

फिर कन्या का पिता या पाधा कुशा या दूर्वा पर कलावा लपेट कर दो विष्टर बना कर रख दे।

(ततो विष्टरमादाय)

फिर पाधा एक विष्टर को दोने में रखकर कन्या के पिता से उसकी प्रतिष्ठा करावे। मंत्र—

ॐ एतन्तेदेव० पूजन करे। ॐ यम्ब्रह्म० ॥

(कन्यापिता विष्टरं सव्यहस्ते गृहीत्वा)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कन्या का पिता विष्टर का दोना अपने सीधे हाथ में ले, पाधा नीचे लिखा हुआ यह मन्त्र पढ़े--

ॐ विष्टरो विष्टरो विष्टरः इत्यन्येनोक्ते
ॐ विष्टरं❀ प्रतिगृह्यतामिति दाता वदेत्
ॐ विष्टरं प्रतिगृह्णामीत्यभिधाय।

(वरो विष्टरं गृहीत्वा)

कन्या का पिता दोने में से वह विष्टर उठाकर वर के हाथ में दे, वर नीचे लिखे हुए मन्त्र को पढ़कर विष्टर पर बैठे।

ॐ वर्षोंष्मि समानानामुद्यता-मिव सूर्य्यः। इमन्तमभितिष्ठामि योमा कश्चाभिदासति।

❀इत्यनेन आसने उत्तराग्रविष्टरोपरि उपविशति

वर उस विष्टर को उत्तर को मुख करके सीधे पैर के तले धरे।

(ततो यजमानः पाद्यमादाय)

पाधा एक दोने में जल भरे, उसमें इतनी चीज रक्खे।

×विष्टर आसन को कहते हैं। विष्टरं प्रतिग्रह्णामि वर ऐका कहे।

×ब्राह्मण के यहां विष्टर को पहले सीधे पैर तले धरे। अन्य जाति के यहां पहले बायें पैर के तले धरे, यह पद्म पुराण में लिखा है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जलं च कुंकुमं चैव तण्डुलं पुष्पमेव च ।
सर्वौषधिसमायुक्तं पञ्चांगं पाद्यमुच्यते ॥

जल, चावल, केशर, फूल, सितावर । फिर नीचे लिखे मंत्र से उसकी प्रतिष्ठा करे ।

ॐ एतन्ते देव० । फिर पूजन करे । मन्त्र—

ॐ यम्ब्रह्म वेदान्तविदो वदन्ति० ।

(पुनः कन्या पिता पाद्यं गृहीत्वा)

फिर पाधा उस दोने को कन्या के पिता के हाथ पर रखकर नीचे लिखा मंत्र पढ़े ।

ओं पाद्यं पाद्यं पाद्यमित्यन्येनोक्ते ।
ओं पाद्यं प्रतिगृह्यतामिति दाता वदेत् ।
ओं पाद्यम्प्रतिगृह्णामीत्यभिधाय वरः ॥

(यजमानञ्जलितोञ्जलिना पाद्यामादाय वरः)

कन्या के पिता से वर उस दोने को अपने सीधे हाथ से ले ।

(इति दक्षिणं चरणं प्रक्षाल्यानेनैव क्रमेण वामचरणं प्रक्षालनम्)

वर उस दोने के जल को अपने सीधे पैर के अंगूठे पर गेरे और कन्या का पिता धोवे, आगे लिखे मंत्र से—

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ओं विराजो दोहोसि विराजो दोहमशीय मयि पाद्यायै विराजो दोहः ॥

(कन्यापिता हस्तौ प्रक्षाल्य)

फिर कन्या का पिता नीचे लिखे मंत्र से हाथ धोवे। मंत्र—

ओं अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थांगतोपि वाः। यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः ॥

(ततः पूर्ववद्विष्टरान्तरं गृहीत्वा)

पाधा पहली प्रकार दूसरा भी विष्टर कराये, पीछे देख कर।

(ततोऽर्घमादाय)

एक दोने में नीचे लिखी वस्तुएं रखे।

जलक्षीरकुशाग्राणि दधिदूर्वाक्षयांस्तथा। यवांश्च कुंकुमञ्चैवेत्यष्टांगं ह्यर्घ्यमुच्यते ॥ अर्घ, जल, दूध, कुशा, दही, दूब, चावल, जौ और केशर डाल कर प्रतिष्ठा करे।

ओं एतन्ते देव०। पूजन करे। यम्ब्रह्म वे०—

(आचार्य द्वारा कन्या पिता हस्तार्घं गृहीत्वा)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पाधा उस दोने को उठाकर कन्या के पिता के हाथ में दे और नीचे लिखा मंत्र पढ़े--

ओं अर्घोऽर्घोऽर्घ इत्युक्ते ऽन्येनार्घः प्रतिगृह्यतामिति दाता वदेत् ।

ओं अर्घं प्रगृह्णामीत्यभिधाय ॥

(वरो यजमानहस्तादर्घं गृहीत्वा मंत्रं पठेत)

कन्या के पिता से वर उस दोने को अपने हाथ में ले । मंत्र--

ओं आपःस्थ युष्माभिःसर्वान्कामा-नवाप्नुवानीति ।

(इत्यर्घं वामहस्ते गृहीत्वा सव्यहस्तेन शिरसि किंचिदक्षतादिकं धृत्वा)

वर उस दोने को बायें हाथ में ले और सीधे हाथ से उस दोने के चावल लेकर अपने मुकुट के ऊपर छोड़े ।

(पुनः सव्यहस्ते गृहीत्वा)

फिर उस दोने को सीधे हाथ में ले यह मंत्र पढ़े ।

ओं समुद्रं वः प्रा हिणोमि स्वां योनि-मभिगच्छत । अरिष्टास्माकं वीरा मापरा-सेचि मत्पयः ॥

पं० प्रेम दत्त शास्त्री
जहांगीराबाद २०२३६०
बुलन्दशहर (उ०प्र०)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(इत्यर्घपात्रस्थंजलमीशान्यां दिशि क्षिपेत्)

उस दोने को ईशान दिशा में जल डाल कर छोड़ दे।

(ततः आचमनीयमादाय)

एक दोने में जल भरे, कन्या का पिता उसकी प्रतिष्ठा करे।

ओं एतन्तेदेव० । पूजन करे मन्त्र—

ओं यम्ब्रह्म वेदान्तविदो वदन्ति० ।

(पुनः कन्यापिता आचमनीयपात्रमादाय)

फिर कन्या का पिता उस दोने को सीधे हाथ में ले। मन्त्र—

ओं आचमनीयमाचमनीयमाचमनीयमित्यन्येनोक्ते ओं आचमनीयं प्रतिगृह्यतामिति दाता वदेत् । ओं आचमनीयं प्रतिगृह्णामीत्यभिधाय—

(वरो यजमानहस्तादाचमनीयं गृहीत्वा)

कन्या का पिता वर के सीधे हाथ में दोने को दे। इस मन्त्र से—

ओं आमागन्यशसा स ँ सृज वर्च्चसा। तम्माकुरु प्रियं प्रजानामधिपति पशूनामरिष्टं तनूनाम्॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(इत्यनेन सकृदाचामेत्, द्विस्तूष्णीं आचमेत्)

वर उस दोने को बायें हाथ में रखकर, सीधे हाथ में उसका जल लेकर, इस मन्त्र से तीन बार आचमन करे—

ॐ गंगा विष्णुः ३ ॥ इसको तीन बार पढ़े।

(पुनः आचमनीयपात्रं भूमौ क्षिपेत्)

फिर उस दोने को पृथ्वी पर रख दे।

(वरस्य हस्तौ प्रक्षाल्य)

फिर वर के इस मन्त्र से हाथ धुलावे मन्त्र--

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वा० ॥

(ततो यजमनः कांस्य पात्रस्थदधिमधुघृतानि अन्येन पात्रेण पिहितानि कराभ्यामादाय)

कन्या का पिता कांसे के पात्र में या अलवे में गाय का दही घृत शहद रखे फिर उनको ढाक के पत्ते से ढककर उनकी प्रतिष्ठा करे।

ॐ एतन्ते देव० ॥ फिर पूजन करे। यम्ब्रह्मवे० ॥

(कन्या पिता दधिपात्रं गृहीत्वा) पाधा उस दही के पात्र को कन्या के पिता के सीधे हाथ में दे और यह मंत्र पढ़े--

ॐ मधुपर्को मधुपर्को मधुपर्क इत्यन्येनोक्ते। ओं मधुपर्कः प्रतिगृह्यतामिति

×नोट—सर्पिरेकगुणं प्रोक्तं शोधितं द्विगुणं कधुः। नधुपर्कविधौ प्रोक्तं सर्पिषश्च समं दधि ॥ एक गुणा घी, शहद दो गुणा, दही एक घुणा होना चाहिए, मधुपर्क उसको कहते हैं जो दही में शहद मिलाया जाता है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दाता वदेत्। ओं मधुपर्कं प्रतिग्रह्णामी-त्यभिधाय वरः ॥

ॐ मित्रस्येति मंत्रस्य प्रजापतिर्ऋषिः पंक्तिश्छन्दो मित्रो देवता मधुपर्कदर्शने विनियोगः ॥ कन्या का पिता जरासा जल छोड़े।

(वरो मधुपर्कं निरीक्ष्य)

उस पात्र को उघाड़ कर वर को दिखावे कि दही में कुछ अशुद्ध वस्तु न हो। मंत्र--

ॐ मित्रस्य त्वा चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्तां मित्रस्य त्वा चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे मित्रस्य त्वा चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षामहे ॥

(वरो यजमान हस्तान्मधुपर्कं गृहीत्वा)

कन्या का पिता दही का पात्र वर को दे, वर उसको सीधे हाथ में लेले। मंत्र-

ॐ देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनो-र्बाहुभ्यांपूष्णोहस्ताभ्यां प्रतिगृह्णामि ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(इत्यनेन मधुपर्कं गृहीत्वा वामहस्ते धृत्वा)

वर उस पात्र को बायें हाथ पर रखकर यह मंत्र पढ़े ।

ॐ नमः श्यावास्यायान्नशने यत्त-आविद्धं तत्ते निष्कृन्तामीति ॥

(इत्यनेन अनामिकांगुष्ठाभ्यां त्रिःप्रदक्षिणामालोड्य भूमां किंचिन्निक्षिप्य पुनस्तथैव वारत्रयं निक्षिपेत्)

वर कनकी उंगली के धोरे की उंगली और अंगूठे से उसे चलावे, थोड़ा सा तीन बार पृथ्वी में छींटा लगाकर। कन्या का पिता वर को तीन बार जरा-जरा सा लड्डू दे जिससे वह लगा-लगा कर खा ले ।

(वरः स्वयमेव प्राशयेत्)

वर उसमें से दही लेकर स्वयं खा ले । मंत्र–

ॐ यन्मधुऽनो मधव्यं परम ँ रूप-मन्नाद्यम् । तेनाऽहं मधुनो मधव्येन पर-मेण रूपेणान्नाद्येन परमो मधव्योऽन्ना-दोऽसानि ॥

(इत्यनेन वारत्रयं मधुपर्कं प्राशनम्)

इस मंत्र से तीन बार दही खाये जो ऊपर लिखा है ।

(सर्वं वा प्राश्नीयात्)

अथवा सब खा लेवें या मुंह को लगाले ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(ततो मधुपर्कशेषमसंचरेदेशेउत्तरतो वा निदध्यात्)

बाकी मधुपर्क को वेदी से अलग उत्तर की तरफ रख दे ।

(वरयजमानयोर्हस्तान् प्रक्षाल्य)

फिर वर और कन्या का पिता दोनों हाथ धो डालें । मंत्र—

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वा० ॥

(ततो वरो वारत्रयमाचमेत्)

फिर वर तीन बार आचमन करे । मंत्र—

ओं गंगाविष्णुः० ॥ यह तीन बार पढ़े ।

(उच्छिष्टदूरीकरणम्)

दही के पात्र को वहां से उठवा दे फिर उस जगह जल का छींटा लगावे, नीचे लिखे मंत्र से—

ओं अपवित्रः पवित्रो वा सर्वा० ॥

(अथांगन्यासः) एक दोने में जल, चावल, पान, सुपारी, कलावा, दक्षिणा रख कर वर के सीधे हाथ में दे । वह उस दोने को अपने अंग से लगाता जावे नीचे लिखे श्लोक के प्रमाण से

मुख के
ओंवाङ्मआस्येऽस्तु

नासिका के
ओंनसोर्मेप्राणोऽस्तु

नेत्रों के
ओंअक्ष्णोर्मे चक्षुरस्तु

कानों के
ओंकर्णयोर्मे

×पहले सीधी आंख से लगावे फिर बांई आंख से इसी प्रकार कानों से और कंधों से और जांघों से लगावे ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भुजाओं के
श्रोत्रमस्तु । ओं बाह्वोर्मे बलमस्तु ।
जंघा के सब अंगों के
ओं ऊर्वोर्मे ओजोऽस्तु ❀ ओं अरिष्टानि
मेऽङ्गानि तनूस्तन्वा मे सह सन्तु ॥

फिर वर उस दोने को वेदी से अलग उत्तर में रख दे।

(अथगोदानम्) फिर कन्या का पिता वर को गौ दे।

ओं गौर्गौर्गौरिति वरयजमानेनोक्ते ।

वर यजमान द्वारा 'गौर्गौर्गौ' यह तीन बार कहलावे।

(गोदानसंकल्पः)

कन्या का पिता गौ या उसकी दक्षिणा का संकल्प करे।

अद्येत्यादिमासानां मासोत्तमेमासेऽमुकमासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे अमुकगोत्रोऽहं अमुकशर्म्माहं आत्मनः पुत्रीविवाहसांगताफलसिद्ध्यर्थं श्रीयज्ञपुरुषनारायणप्रीत्यै मधुपर्कसंबंधिनीं इमां गां तन्मौल्योपकल्पितां रजतमयीं दक्षिणां

×दोनों हाथों से सिर से लेकर पैर तक सब अंगों को छुआवे। गोदान ब्राह्मण को लेना चाहिए।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यथानाम गोत्राय, अमुकशर्म्मणे ब्राह्मणाय (ब्राह्मण को) वर्मणे क्षत्रियाय (क्षत्रिय को) गुप्ताय (वैश्य को) शूद्राय (शूद्र को) विष्णुरूपाय वराय तुभ्यमहं संप्रददे ।

वह दक्षिणा या गौ वर को दे, वर यह कहे (ॐ स्वस्ति) यहां यह कह देना चाहिए कि लड़की को तैयार कर लेना ।

(गोदान प्रतिष्ठासंकल्प)

कन्या का पिता गौदान की प्रतिष्ठा का संकल्प कर वर को दे ।

अद्येत्यादि मासानां मासोत्तमे मासे० गोदानप्रतिष्ठासिद्ध्यर्थं ताम्रमर्कदैवतं रजतं चन्द्रदैवतं वा तुभ्यमहमुत्सृजे ॥

(ततो वरस्तृणं यजमानेन सह गृहीत्वाऽग्रिम-मन्त्रं पठेत्) (पाधा) वर और यजमान दोनों के हाथ में दूर्वा दे और यह अगला मंत्र पढ़े । मन्त्र–

❀ ॐ माता रुद्राणां दुहितावसूना ँ स्व सादित्यानाममृतस्य नाभिः । प्रनुवोचं चिकितषे जनाय मागामनागामदितिं

×वर गौ को त्याग दे या दान कर दे या वन में छोड़ दे । तृण को भक्षण कर हमको पुष्ट करे क्योंकि गौ रुद्रों की माता, वसुओं की पुत्री और देवताओं की भगिनी है ऐसा कहे इसका विस्तारपूर्वक हाल याज्ञवल्क्य स्मृति अध्याय १ में लिखा है ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वधिष्ट । ममचाऽमुष्य च पाप्माहतः ।

(ओं उत्सृजततृणान्यत्तु इत्युच्चैर्ब्रूयात्)

वर और कन्या का पिता दोनों उस दूर्वा को खींच कर तोड़ डालें फिर दूर्वा को पृथ्वी पर रख दें।

(वेदिकार्य्यं सम्पादयेत्) अब वेदी का काम करे।

(यजमानः पृथिव्या आवाहनम् कुर्यात्)

कन्या का पिता धरती का आवाहन करे मन्त्र–

विष्णुनालकरूपेण जगतां पतिनोद्धृताम्
क्षमायुक्तां धरणीं च पृथ्वीमावाहयाम्यहम् ॥

पूजन कर हाथ जोड़ें। मन्त्र–

ओं स्योना पृथिवी नो भवाक्षरावेशनी ।
यच्छानः शर्म्मसम्प्रथाः । पृथिव्यै नमः ॥

(पञ्चभूसंस्कारान् कुर्यात्)

अब नीचे लिखे मंत्रों से वेदी का संस्कार करावे।

(ततो वेदिकायां तुषकेशशर्कराभस्मादिरहितायाम्)

पाधा वेदी पर देखले कुछ अशुद्ध वस्तु तृणादि न हों।

(हस्तमात्रपरिमितां चतुरस्रं भूमिं कुशैः परिसमूह्य)

एक हाथ भर चतुष्कोण अर्थात् चौकोर वेदी पर कुशाओं से जल का छींटा लगावे।

(तान् कुशान् ऐशान्यां दिशि त्यजेत्)

उन कुशाओं को ईशान दिशा में रख दे।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(गोमयोदकेनोपलिप्य) वेदी पर गौ के गोबर से लीपे।

(स्रुवमूलेन प्रदेशमात्रमुत्तरोत्तरक्रमेण त्रिरुल्लिख्य)

स्रुवे की जड़ से वेदी पर अंगूठा और उसके पास की उंगली को फैलाकर तीन लकीर खींचे।

(उल्लेखनक्रमेणानामिकांगुष्ठाभ्यां मृदमुद्धृत्य)

कन उंगली के निकट की उंगली और अंगूठे से वेदी की उन रेखाओं पर से कुछ मिट्टी उठाकर ऊपर को उछाले।

(जलेनाभ्युक्ष्य) फिर कुशा से जल का छींटा लगावे।

* (नूतनकांस्यपात्रेऽग्निमानीय स्थापनं कुर्यात्)

नये कांसे के पात्र या शकोरे में अग्नि मंगाकर अपने आगे सराई से ढक कर रखले। फिर वर तथा कन्या का पिता नीचे लिखे मन्त्र से उसका आवाहन करे।

मुखं समस्तदेवानां खाण्डवोद्यानदाहकम्।
पूजितं सर्वयज्ञेषु अग्निमावाहयाम्यहम्॥

(सम्पूज्य प्रार्थना) पूजन कर हाथ जोड़े इस मन्त्र से।

ओं अग्निदूतं पुरोदधे हव्यावाहमुपब्रुवे।
देवान् आसादयादिह ॥१॥ अग्नये नमः

× अग्नि को नाई से नहीं मंगाना चाहिए।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ओं एतन्ते देव सवित० (पूजनम्) पूजन करे।
ओं ब्रह्मयज्ञानम्प्रथमं पुरस्ता० ॥

समिधामाधाय अग्निसंस्थापनं कुर्यात् ।

पाधा वेदी पर लकड़ी रखकर अग्नि रखे।

* (ततःस्नातां कन्यामानीय)

फिर पाधा स्नान कराकर कन्या को बुलावे।

(ततः कन्यापिता तत्रागत्य उपानहौ त्यजेत्)

कन्या का पिता कन्या के जूते निकाल कर रखदे। इस मंत्र से

ओं अथ वाराह्य उपानहा उपमुञ्चते० ॥
ओं अथ वाराह विहित० ॥

(कन्यापिता हस्तौ प्रक्षाल्य)

फिर कन्या का पिता हाथ धो डाले, नीचे लिखे मन्त्र से–

ओं अपवित्रः पवित्रो वा सर्वाव० ॥

(कन्या मण्डपे वरस्य दक्षिणे उपवेशयेत्)

कन्या को मण्डप के नीचे वर के सीधे हाथ की तरफ बैठावे।

(आचार्यो मौड़ीमर्चयेत्)

फिर पाधा मौड़ी के चारों ओर रोली लगाकर उसकी प्रतिष्ठा, आगे लिखे मंत्र से वर से करावे।

×कन्या को स्नान कराकर वस्त्र आभूषण अपने घर के पहिनावे। कन्या का मामा या भाई मण्डप के नीचे वर के सीधी तरफ लाकर बैठा दे, वर ऐसा कहे कि "आइये"।

पं० प्रेम दत्त शास्त्री
जहांगीराबाद २०२३६४

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

एतन्ते देव० ॥ पूजन करे ओं यम्ब्रह्म० ॥

(पुरोहितः कन्याशिरसि मुकटं धारयेत्)

यजमान का पुरोहित कन्या के सिर पर मौड़ी बांधे। मंत्र—

शुक्लांबरधरं विष्णुं शशिवर्णं चतु० ॥

(पुनः कन्या स्वस्तिवाचनं कारयित्वा)

फिर कन्या से स्वस्तिवाचन करावे, यह मन्त्र पढ़े।

(कन्या प्रतिज्ञासंकल्पः)

फिर कन्या जल, चावल, दक्षिणा लेकर प्रतिज्ञा संकल्प करे।

ओं गणानां त्वां गणपति ँ० ॥ ओं अद्य तत्सद् विष्णुर्विष्णुर्विष्णु० अमुकमासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे अमुक गोत्रोऽहं अमुकनाम्नी-अहं आत्मनः विवाहोद्देश्ये गणेशादीनामावाहनं पूजनं च करिष्ये।

(कन्या गणेशादिपूजनं कृत्वा)

कन्या गणेश आदि सब देवताओं का पूजन करे।

❀ (ततः कन्यापिता वराय वस्त्रचतुष्टयं दद्यात्)

×चार वस्त्र-दुपट्टे दो और धोती दो कन्या और वर को देनी चाहिए। "ओं गणानां त्वां गणपति ँ" इसको पढ़े।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कन्या का पिता वर को यथाशक्ति चार वस्त्र दे। पहले पाधा उनकी प्रतिष्ठा यजमान से करावे, ये मन्त्र पढ़े—

(कन्यापिता वस्त्रचतुष्टयसंकल्पं कृत्वा)

कन्या का पिता जल, चावल, दक्षिणा लेकर ४ वस्त्रों का संकल्प करे।

एतन्ते देव० ॥ पूजन करे ओं यम्ब्रह्म० ॥

